Bareilly, Saturday,
21 February 2026

दैनिक जागरण

PAGE NO, IV, BOTTOM

एसआरएमएस, केसीएमटी व इन्वर्टिस विश्वविद्यालय रहे श्रेष्ठ

बरेली : खंडेलवाल कालेज आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी (केसीएमटी) एवं रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर मैनेजमेंट वीक के अंतर्गत बिजनेस प्लान प्रतियोगिता हुई। इसमें आइएमएस गाजियाबाद, मंगलमय इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा, एचपी इंस्टीट्यूट बदायूं, एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय सहित 25 से अधिक टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डा. विकास लाम्बा ने विद्यार्थियों को सफल उद्यमी बनने के टिप्स दिए। द्वितीय सत्र में डा. मनीष शर्मा एवं डा. विनय खंडेलवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया। एसआरएमएस की टीम प्रथम, केसीएमटी द्वितीय और इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी तृतीय रही। संचालन मुकुल गुप्ता ने किया। (वि.)